(vi) विविध व्यय (चालू वर्ष - शून्य रुपए) (पूर्व वर्ष- शून्य रुपए) ।

6.3 विदेशी मुद्रा में उपार्जन: (चालू वर्ष - शून्य रुपए) (पूर्व वर्ष- शून्य रुपए) ।

6क. लेखापरीक्षकों को पारिश्रमिक

लेखापरीक्षकों के रूप में:

- कराधान संबंधी मामले
- प्रबंधन सेवाओं के लिए
- प्रमाणन के लिए
- अन्य - सी. एंड ए.जी. लेखापरीक्षा, आंतरिक लेखापरीक्षा, जी.एस.टी. और आर.टी.आई. लेखापरीक्षा (चालू वर्ष - 15,78,560/- रुपए) । चालू वित्तीय वर्ष के दौरान उपगत 11,53,060/- रुपए की राशि का व्यय, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के लिए सी.एंड ए.जी. लेखापरीक्षा के लेखापरीक्षा व्यय से संबंधित है ।(पूर्व वर्ष - 2,80,000/- रुपए) ।

7. सरकारी अनुदान

7.1 सरकारी अनुदानों के लिए लेखांकन आई.सी.ए.आई. के लेखांकन मानक बोर्ड (ए.एस.बी.) द्वारा जारी किए गए लेखांकन मानक-12 (अब आई.ए.एस. 20) के अनुसार किया गया है । इसके अतिरिक्त, जैसा अनुसूची XXII - महत्वपूर्ण लेखांकन नीतियां - के नोट 7 के अधीन उपबंधित है, सरकारी अनुदानों का लेखांकन वसूली के आधार पर किया जाता है और उपयोगिता का लेखांकन प्रोद्भवन के आधार पर किया जाता है ।

बोर्ड की निधि का गठन संहिता की धारा 222 के उपबंधों के अनुसार किया गया है, जो कि निम्नलिखित रूप में है:

"(1) दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड की निधि के नाम से ज्ञात एक निधि का गठन किया जाएगा और उसमें निम्नलिखित को जमा किया जाएगा –

(क) बोर्ड द्वारा इस संहिता के अधीन प्राप्त किए गए सभी अनुदान, फीस और प्रभार;

(ख) बोर्ड द्वारा ऐसे सभी स्रोतों से, जिनके संबंध में केन्द्रीय सरकार द्वारा विनिश्चय किया जाए, प्राप्त सभी राशियां;

(ग) ऐसी अन्य निधियां, जो बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट या केन्द्रीय सरकार द्वारा विहित की जाएं ।

(2) निधि का उपयोग निम्नलिखित व्ययों की पूर्ति के लिए किया जाएगा -

(क) बोर्ड के सदस्यों, अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के वेतन, भत्ते और अन्य पारिश्रमिक;

(ख) धारा 196 के अधीन बोर्ड के कृत्यों के निर्वहन में उसके व्यय;

(ग) इस संहिता द्वारा प्राधिकृत उद्देश्यों और प्रयोजनों पर व्यय;

(घ) ऐसे अन्य प्रयोजन, जो विहित किए जाएं ।"

7.2 निधि की स्थिति (सहायता अनुदान और आंतरिक प्राप्तियां) और बोर्ड द्वारा वर्ष 2020-21 के दौरान (सहायता अनुदानों और आंतरिक प्राप्तियों में से) उनका उपयोग तथा 31 मार्च, 2021 को यथा-विद्यमान सहायता अनुदानों का खर्च न किया गया अतिशेष, पूर्व वर्ष के आंकड़ों सहित निम्नलिखित रूप में है:

(लाख रुपयों में)

बजट शीर्ष	**2019-20**				**2020-21**				
	प्रारंभिक अतिशेष	**प्राप्तियां**	**उपयोगिता**	**खर्च न किया गया अतिशेष**	**प्राप्तियां**	**उपयोगिता**	**स्थिर आस्तियां**	**शुद्ध अग्रिम**	**खर्च न किया गया अतिशेष**
	1	**2**	**3**	**4=1+2+3**	**5**	**6**	**7**	**8**	**9=4+5-(6+7+8)**
सहायता अनुदान (साधारण)	-	950.00	950.00	-	1200.00	1066.21	75.62	-24.38	82.55**
सहायता अनुदान (वेतन)	-	1200.00	1200.00	-	1458.00	1532.07	-	-1.37	-72.70**
सहायता अनुदान (पूंजीगत)	123.54	-	123.54	-	-	-	-	-	-
पूर्ण योग (क)	***123.54***	***2150.00***	***2273.54***	***-***	***2658.00***	***2598.28***	***75.62***	***-25.75***	***9.85***
आंतरिक रूप से जनित राजस्व	*339.54*	*599.22*	*392.38**	*546.38*	*690.43*	*164.12*	-	-	*1072.69*
सकल योग (क+ख)	***463.08***	***2749.22***	***2665.92***	***546.38***	***3348.43***	***2762.40***	***75.62***	***-25.75***	***1082.54***

*वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए जी.एस.टी. लेखापरीक्षा वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान पूरी हो गई थी और इसलिए वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए जी.एस.टी. दायित्व के रूप में 8,80,784/- रुपए का भुगतान बोर्ड की प्रारंभिक निधि में से किया गया था। इसके अलावा, पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में प्राप्त सहायता अनुदानों पर ब्याज की 40,14,041/- रुपए की राशि वित्तीय वर्ष 2019-20 के दौरान कारपोरेट कार्य मंत्रालय को विप्रेषित कर दी गई थी। इसके साथ-साथ, पूर्ववर्ती वर्षों में प्रोद्भूत सहायता अनुदानों पर ब्याज की 1,86,065/- रुपए की राशि वित्तीय वर्ष

2019-20 के दौरान दायित्व के रूप में सृजित की गई थी और प्रारंभिक निधि में से उसका समुचित समायोजन किया गया था।

**सहायता अनुदान- वेतन के अधीन निधियों में 72.70 लाख रुपए की राशि की कमी का वित्तपोषण सहायता अनुदान-साधारण में से किया गया है जिसे कारपोरेट कार्य मंत्रालय से नियमित करने की विनती की जा रही है।

7.3. 31.03.2021 को यथा-विद्यमान, निधियों के संघटक निम्नलिखित रूप में हैं:

विशष्टियां	राशि (रुपयों में)
वर्ष की समाप्ति पर स्थिर आस्तियां/पूंजीगत डब्ल्यू.आई.पी.(शुद्ध)	2,45,53,730
अनुपयोग किया गया सहायता अनुदान	9,85,119
विक्रेताओं को भुगतान किए गए ऐसे अग्रिम, जो व्यय के रूप में माने जाने के लिए लंबित हैं	1,45,41,367
बोर्ड के आंतरिक प्रोद्भवनों से जनित निधियां	10,72,69,509
वर्ष की समाप्ति पर अंतिम निधि	**14,73,49,725**

8. आस्थगित उधार दायित्व

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (शिकायत और परिवाद निवारण प्रक्रिया) विनियम, 2017 में सेवा प्रदाताओं के विरुद्ध शिकायत और परिवाद फाइल करने का उपबंध है, जिसके विनियम 7 के उप-विनियम (8) में इस प्रकार उपबंध किया गया है *"जहां बोर्ड की यह राय है कि परिवाद तुच्छ नहीं है वहां वह विनियम 3 के उप-विनियम (3) के अधीन प्राप्त दो हजार पांच सौ रुपए की फीस का प्रतिदाय करेगा"* । ऐसे परिवादों के संबंध में, जो प्रक्रियाधीन हैं, प्राप्त 3,17,000/- रुपए की राशि को अनुसूची VI "आस्थगित उधार दायित्व" के अधीन दायित्व के रूप में रखा गया है (पूर्व वर्ष - 2,92,500/- रुपए)

9. वर्तमान दायित्व

9.1 63,52,939/- रुपए की राशि के विविध लेनदारों के अंतर्गत ऐसे विक्रेताओं के प्रति दायित्व सम्मिलित हैं जो नैमित्तिक प्रकृति के हैं । (पूर्व वर्ष 4,97,630/-) ।

9.2 प्राप्त किए गए अग्रिमों के अंतर्गत बोर्ड के पास आई.पी./आई.पी.ई./आर.वी./आर.वी.ओ. के रूप में रजिस्ट्रीकरण/मान्यता के लिए सेवा प्रदाताओं और आवेदकों से प्राप्तियां भी शामिल हैं । (चालू वर्ष - 19,17,690/- रुपए - जी.एस.टी. संघटक के बाद शुद्ध) (पूर्व वर्ष 20,18,876/- रुपए - जी.एस.टी. संघटक के बाद शुद्ध) ।

9.3 सी.पी.एफ. मद्धे अभिदाय की 3,16,80,776/- रुपए की राशि (ब्याज सहित), केनरा बैंक के पास नियत निक्षेप के रूप में रखी गई है और मासिक अभिदाय को पंजाब नैशनल बैंक के पास आवर्ती निक्षेप में अंतरित कर दिया गया है (पूर्व वर्ष - सी.पी.एफ. अभिदाय, उस पर ब्याज सहित 2,23,38,061/- रुपए था) ।

9.4 3,30,582/- रुपए का एन.पी.एस. अभिदाय, 31 मार्च, 2021 को यथा-विद्यमान कर्मचारियों के अपने-अपने एन. पी.एस. खातों में प्रेषित किए जाने के लिए लंबित अतिशेष से संबंधित है । यह प्रेषण अब कर दिया गया है । (पूर्व वर्ष - 6,05,744/- रुपए) ।

9.5 स्रोत पर काटे गए कर (टी.डी.एस.) के 32,45,980/- रुपए के देय वितीय वर्ष 2021-22 में आय-कर और जी.एस.टी. प्राधिकारियों के पास सम्यक् रूप से जमा करा दिए गए हैं । (पूर्व वर्ष - 23,24,699/- रुपए के टी.डी.एस. देय जमा किए गए) ।

9.6 5,00,000/- रुपए की राशि एन.एस.ई.-आई.टी. लिमिटेड से सीमित दिवाला परीक्षा के प्रशासन के लिए प्रतिभूति निक्षेप के रूप में प्राप्त की गई है । (पूर्व वर्ष - 5,00,000/- रुपए) ।

9.7 भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (समापन प्रक्रिया) विनियम, 2016 और भारतीय दिवाला और

शोधन अक्षमता बोर्ड (स्वैच्छिक समापन प्रक्रिया) विनियम, 2017 के क्रमशः विनियम 46 और विनियम 39 में बोर्ड के लिए यह उपबंध किया गया है कि किसी समापन प्रक्रिया में अदावाकृत लाभांशों, यदि कोई हैं और अवितरित आगमों, यदि कोई हैं, की राशि को जमा करने के लिए किसी अनुसूचित बैंक में एक पृथक् बैंक खाता खोला जाए । तदनुसार, बोर्ड ने क्रमशः समापन प्रक्रिया और स्वैच्छिक समापन प्रक्रिया के अदावाकृत लाभांशों और अवितरित आगमों को जमा करने के लिए दो पृथक् खाते खोले हैं । चालू वर्ष की समाप्ति पर इन खातों में पड़ा अतिशेष 8,13,99,970/- रुपए है । (पूर्व वर्ष - 5,85,75,252 रुपए) ।

9.8 सहायता अनुदानों पर ब्याज के रूप में अर्जित 6,48,444/- रुपए, शास्ति की राशि पर ब्याज के रूप में अर्जित 1,03,970/- रुपए की राशि, जो बोर्ड के पास जमा की गई है और समापन और स्वैच्छिक समापन के अवितरित आगमों पर ब्याज के रूप में अर्जित 27,08,402/- रुपए की राशि, जो बोर्ड के पास जमा की गई है, 31 मार्च, 2021 तक भारत की समेकित निधि में प्रेषित की जानी है । (पूर्व वर्ष - 22,75,789/- रुपए) ।

9.9 अन्य चालू दायित्व - अन्य के अंतर्गत (i) 69,15,175/- रुपए का संबंध उन अधिकारियों के, जो प्रतिनियुक्ति/अस्थायी प्रतिनियुक्ति पर हैं, मूल संगठनों या कर्मचारियों को संदत्त किए जाने वाले वेतन से संबंधित प्रेषणों से है; (ii) 42,500/- रुपए उन परिवादियों को, जहां परिवादों को अतुच्छ मानकर विनिश्चित किया गया है, देय प्रतिदायों के लिए हैं, (iii) 9,440/- रुपए और 6,42,075/- रुपए क्रमशः सी.आई.आर.पी. प्ररूप फाइल करने के लिए दिवाला व्यावसायिकों को और मूल्यांकन परीक्षा के आवेदकों को देय प्रतिदायों के लिए हैं और (iv) 25,00,000/- रुपए एक दिवाला व्यावसायिक पर उद्गृहीत शास्ति के राशि से संबंधित हैं, जिसे माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निदेशों के आधार पर नियत निक्षेप के रूप में रखे गए हैं। (पूर्व वर्ष - 28,42,796/- रुपए)।

10. प्रावधान

10.1 ग्रेड-ए के अधिकारियों के लिए उपदान की बाबत बीमांकिक मूल्यांकन के आधार पर 12,84,627/- रुपए का प्रावधान किया गया है । इसके अतिरिक्त, प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों के लिए, उनके मूल संगठन से प्राप्त आदेश के अनुसार 4,93,378/- रुपए का प्रावधान किया गया है । (पूर्व वर्ष - 12,42,720/- रुपए) ।

10.2 केन्द्रीय सरकार/राज्य सरकार से प्रतिनियुक्ति पर अधिकारियों के लिए कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डी.ओ.पी.टी.) के नियमों के अनुसार या मूल संगठन से प्राप्त आदेश के अनुसार सेवानिवृत्ति फायदों के लिए छुट्टी वेतन अंशदान के लिए 11,40,789/- रुपए की राशि और पेंशन के लिए 15,11,838/- रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है । बोर्ड ने उन अधिकारियों के लिए, जो बैंकों/वित्तीय संस्थाओं से प्रतिनियुक्ति पर हैं, छुट्टी वेतन के लिए 16,31,321/- रुपए का प्रावधान भी किया है ।(पूर्व वर्ष - 51,56,465/- रुपए) ।

10.3. भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (अध्यक्ष और सदस्यों के वेतन, भत्ते और सेवा के अन्य निबंधन और शर्तें) नियम, 2016 के नियम 16 के अनुसरण में, जिसमें यह उपबंध है कि *"छुट्टी के दौरान छुट्टी वेतन का संदाय केन्द्रीय सिविल सेवा (छुट्टी) नियम, 1972 के नियम 40 द्वारा शासित होगा । अध्यक्ष और पूर्णकालिक सदस्य किसी भी समय उनके पास जमा अर्जित छुट्टी के पचास प्रतिशत का भुगतान करवाने के हकदार होंगे।"*, अध्यक्ष और पूर्णकालिक सदस्यों (डब्ल्यू.टी.एम.) के लिए 13,56,667/- रुपए के और अन्य अधिकारियों के लिए भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कर्मचारी सेवा) विनियम, 2017 के अनुसार 31,81,582/- रुपए के छुट्टी नकदीकरण के लिए प्रावधान किया गया है ।(पूर्व वर्ष - 28,63,182/- रुपए) ।

10.4 किराए के प्रावधान के अंतर्गत जीवन विहार भवन के दूसरे तल पर कार्यालय स्थान के लिए वित्तीय वर्ष 2017-18 में आंतरिक प्रोद्भवनों में से किए गए 98,18,000/- रुपए की राशि के किराए के प्रावधान को चालू वित्तीय वर्ष में पुरांकित किया गया है और उसे प्रकीर्ण आय माना गया है । ऐसा कारपोरेट कार्य मंत्रालय के तारीख 6 दिसम्बर, 2017 के पत्र के अनुसरण में किया गया है, जिसमें यह उपदर्शित किया गया है कि कार्यालय किराए का भुगतान मंत्रालय द्वारा किया जाएगा । इसके प्रत्युत्तर में, बोर्ड ने तारीख 23 जुलाई, 2018 के पत्र

द्वारा कारपोरेट कार्य मंत्रालय से बिलों का भुगतान करते रहने और उसे बोर्ड के अनुदानों मे से समायोजित करने का अनुरोध किया था । इसके अतिरिक्त, एन.डी.एम.सी. को, दिसम्बर, 2018 से मार्च, 2021 तक की अवधि के लिए, 20,000 रुपए प्रतिमास की दर से संदेय कार पार्किंग के किराए मद्धे 5,60,000/- रुपए के लिए प्रावधान कार पार्किंग स्थल की किराया सेवाओं मद्धे बोर्ड के नियत दायित्व पर आधारित है । चूंकि विक्रेता ने दिसम्बर, 2018 के बाद कार पार्किंग स्थल के लिए कोई बिल नहीं दिया है इसलिए इस प्रावधान के समुचित समायोजन के लिए विक्रेता के साथ इस विषय पर कार्यवाही की जा रही है।

10.5 बोर्ड के सीधी भर्ती/प्रतिनियुक्ति पर कर्मचारियों को संदेय 26,00,518/- रुपए के बकाया वेतन और भत्तों के लिए प्रावधन किया गया है । (पूर्व वर्ष - 20,00,098/- रुपए) ।

10.6 चालू वित्तीय वर्ष में, वित्तीय वर्ष 2019-20 और 2020-21 के लिए कानूनी लेखापरीक्षा और संव्यवहार लेखापरीक्षा और वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए आंतरिक लेखापरीक्षा के लिए सी. एंड ए.जी. और आंतरिक लेखापरीक्षकों को संदेय 6,99,130/- रुपए की लेखापरीक्षा फीस (टी.डी.एस. के बाद शुद्ध) का प्रावधान किया गया है । (पूर्व वर्ष - 99,000/- रुपए) ।

10.7 2,60,924/- रुपए की राशि के प्रावधानों को पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों से अग्रनीत किया गया है । चूंकि संबंधित विक्रेताओं ने अब तक अंतिम बिल प्रस्तुत नहीं किए हैं इसलिए प्रावधान यथावत रखे गये है । इस मामले के संबंध में प्रत्येक विक्रेता के साथ समुचित समायोजन के लिए कार्यवाही की जा रही है ।

11. अवमूल्यन

11.1 अवमूल्यन के लिए, आय-कर अधिनियम, 1961 में विनिर्दिष्ट दरों के अनुसार स्ट्रेट लाइन पद्धति के आधार पर निम्न प्रकार उपबंध किया जाता है:

आस्तियां	अवमूल्यन की दर
कम्प्यूटर/पेरिफेरल/साफ्टवेयर/हार्डवेयर	40%
कार्यालय उपस्कर तथा फर्नीचर और फिक्सचर	10%
भवन	10%
वैबसाइट	25%

11.2 नेशनल इनफॉरमैटिक्स सेंटर सर्विसिज़ इंक (एन.आई.सी.एस.आई.) से कर बीजकों की प्राप्ति पर स्थिर आस्तियां शीर्ष के अधीन वैबसाइट तैयार करने लेखे 53,00,211/- रुपए की राशि (जी.एस.टी. के बाद शुद्ध) का लेखांकन वैबसाइट के रूप में किया गया है । 63,43,984/- रुपए की शेष राशि को चालू पूंजीगत कार्य के रूप में दर्शाया गया है । परियोजनाओं के पूरा होने और विक्रेता से कर बीजक प्राप्त होने पर इसे संबंधित नियत आस्तियों के रूप में लेखाओं में लिया जाएगा । इसके अतिरिक्त, एन.आई.सी.एस.आई. को विभिन्न ऑनलाइन माड्यूल और वैबसाइट तैयार करने के कारण संदेय 59,77,083/- रुपए की राशि चालू पूंजीगत कार्य/विकासाधीन आस्तियों के रूप में दर्शाई गई है । (पूर्व वर्ष - 1,25,98,231/- रुपए) ।

11.3 पुस्तकालय की पुस्तकों को राजस्व व्यय माना जाता है और उन्हें आय और व्यय खाते में प्रभारित किया जाता है ।

12. निवेश

(i) अंशदायी भविष्य निधि (सी.पी.एफ.) दायित्व के लिए 3,32,98,183/- रुपए (ब्याज सहित) की राशि का, केनरा बैंक और पंजाब नेशनल बैंक के पास नियत और आवर्ती निक्षेपों में निवेश किया गया है; (ii) बोर्ड के उपदान संबंधी दायित्व के लिए 9,44,593/- रुपए (ब्याज सहित) की राशि इंडियन बैंक और पंजाब एंड सिंध बैंक के पास

नियत निक्षेप के रूप में रखी गई है और (iii) एक दिवाला व्यावसायिक द्वारा जमा की गई शास्ति के लिए 26,00,912/- रुपए (ब्याज सहित) की राशि, माननीय दिल्ली उच्च न्यायालय के निदेशों के आधार पर पंजाब एंड सिंध बैंक के पास नियत निक्षेप के रूप में रखी गई है । (पूर्व वर्ष - 2,53,49,789/- रुपए (ब्याज सहित) ।

13. चालू आस्तियां - ऋणी

1,82,454/- रुपए के ऋण - "अन्य" का संबंध दिवाला व्यावसायिकों, दिवाला व्यावसायिक संस्थाओं और परीक्षा प्रशासकों से शोध्य फीस से है । (पूर्व वर्ष - 35,576/- रुपए) ।

14. नकद अतिशेष

14.1 बोर्ड ने खुदरा नकदी की अग्रदाय व्यवस्था बनाई हुई है जिसकी अनुमोदित सीमा 50,000/- रुपए है ।

14.2 बोर्ड के पास 31 मार्च, 2020 को यथा-विद्यमान 100 अमेरिकी डालर और 6700 ज़ार की नकदी विदेशी मुद्रा को चालू वित्तीय वर्ष के दौरान भारतीय रुपयों (आई.एन.आर.) में संपरिवर्तित करा लिया गया है। इस संव्यवहार के कारण उद्भूत होने वाले विनिमय अंतर को ए.एस.-11 के अनुसार आय/व्यय के रूप में माना गया है।

15. बैंक खातों में रखे अतिशेष

पंजाब नेशनल बैंक में रखे अतिशेष में निम्नलिखित रकमें शामिल हैं:

चालू खाते में (आंतरिक प्राप्तियां) - 2,17,111.92 रुपए (नामे) (पूर्व वर्ष - 2,13,450.34 रुपए (जमा)।

चालू खाता (अनुदान) में - 1,06,772.30 रुपए (नामे) (पूर्व वर्ष - 32,804.90 रुपए (नामे) ।

चालू खाता (समापन) में - 94,11,837.74 रुपए (नामे) (पूर्व वर्ष - 13,50,105.22 रुपए) (नामे) ।

चालू खाता (स्वैच्छिक समापन) में - 1,15,46,534.33 रुपए (नामे) (पूर्व वर्ष - 10,35,958.85 रुपए) (नामे)।

चालू खाता (शास्ति) - 3,059/- (नामे) (पूर्व वर्ष - शून्य)

स्वीप खातों मे – 9,70,50,000/- रुपए । (पूर्व वर्ष - 6,87,50,000/- रुपए) ।

आवधिक जमा खातों में - 10,39,67,849/- रुपए । (पूर्व वर्ष - 7,17,18,518/- रुपए) ।

16. पूर्वसंदत्त व्यय:

16.1 शासी बोर्ड ने 27 मार्च, 2019 को आयोजित अपनी 13वीं बैठक में भारतीय कारपोरेट कार्य संस्थान (आई.आई.सी.ए.) में तीन वर्ष की अवधि के लिए आई.बी.बी.आई. दिवाला पीठ स्थापित करने का विनिश्चय किया था जिसके लिए एक ही बार में एक करोड़ रुपए का विन्यास अनुदान किया गया था । बोर्ड को प्रस्तुत किए गए वार्षिक उपयोगिता प्रमाणपत्र के अनुसार आई.आई.सी.ए. द्वारा उपगत वास्तविक व्यय के आधार पर प्रत्येक वर्ष एक करोड़ रुपए की राशि का क्रमिक अपाकरण किया जा रहा है । (चालू वर्ष - 95,63,108/- रुपए) (पूर्व वर्ष - 97,76,644/- रुपए) ।

16.2. 49,78,259/- रुपए के शेष अग्रिम, विक्रेताओं से संबंधित हैं जो नियमित स्वरूप के हैं । (पूर्व वर्ष- 73,40,403/- रुपए) ।

17. फीस/अभिदान (अनुसूची XIII)

17.1 फाइल करने की फीस/आवेदन फीस: इसके अंतर्गत नीचे दिए गए स्रोतों से प्राप्त फीस शामिल है:

क) दिवाला व्यावसायिक: संहिता की धारा 196(1)(ग) में उपबंधित है कि बोर्ड **"इस संहिता के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए दिवाला व्यावसायिकों, दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों और सूचना उपयोगिताओं से फीस**

और अन्य प्रभारों का उदग्रहण करेगा, जिसके अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस भी है" ।

इसके अलावा, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के विनियम 6 के उप-विनियम (1) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"किसी दिवाला व्यावसायिक एजेंसी में एक व्यावसायिक सदस्य के रूप में नामांकित कोई व्यक्ति इन विनियमों की दूसरी अनुसूची के प्ररूप क में दस हजार रुपए के गैर-प्रत्यावर्तनीय आवेदन शुल्क के साथ बोर्ड को आवेदन कर सकता है ।"

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड दिवाला व्यावसायिकों के रजिस्ट्रीकरण के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया के पूरा होने तक रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम शीर्ष में लेखंकित की जाती है । रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में और आवेदन अस्वाकीर किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । चालू वर्ष - 50,60,000/- रुपए (पूर्व वर्ष- 55,40,000/- रुपए) ।

ख) दिवाला व्यावसायिक एजेंसी: संहिता की धारा 196(1)(ग) में यह उपबंध किया गया है कि बोर्ड **"इस संहिता के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए दिवाला व्यावसायिकों, दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों और सूचना उपयोगिताओं से फीस और अन्य प्रभारों का उदग्रहण करेगा, जिसके अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस भी है" ।**

इसके अलावा, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक एजेंसी) विनियम, 2016 के विनियम 4 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"(1) एक कंपनी जो दिवाला व्यावसायिक एजेंसी के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए पात्र है बोर्ड को इन विनियमों की अनुसूची के प्ररूप क में बोर्ड को अप्रतिदेय आवेदन शुल्क दस लाख रुपए के साथ आवेदन कर सकती है ।

(2) एक दिवाला व्यावसायिक एजेंसी जिसे विनियम 5 के अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण प्रदान किया गया है, ऐसे रजिस्ट्रीकरण की समाप्ति के छह महीने पहले इन विनियमों की अनुसूची के प्ररूप क में बोर्ड को अप्रतिदेय आवेदन शुल्क पांच लाख रुपए के साथ नवीकरण के लिए आवेदन कर सकती है ।

....."।

विनियमों के विनियम 5 के उप-विनियम (2) में यह उपबंध किया गया है कि रजिस्ट्रीकरण इन शर्तों के अध्यधीन होगा कि दिवाला व्यावसायिक एजेंसी -

"(क) .....

(ख) .....

(ग) बोर्ड को प्रत्येक वर्ष पांच लाख रुपए का शुल्क अदा करेगी, उस वर्ष के बाद जिसमें प्रमाणपत्र जारी किया या नवीकृत किया गया था....."।

विनियमों के विनियम 5 के उप-विनियम (3) में यह उपबंधित है कि *"रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी किए जाने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए विधिमान्य होगा"* ।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों के रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया के पूरा होने तक रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम शीर्ष में लेखंकित की जाती है । रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में और आवेदन अस्वीकार किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है ।

वार्षिक फीस, दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों से फीस के प्रोद्भवन की तारीख को मानी जाती है । चालू वर्ष - 15,00,000/- रुपए (पूर्व वर्ष -15,00,000/- रुपए) ।

ग) सूचना उपयोगिताएं: संहिता की धारा 196(1)(ग) में यह उपबंध किया गया है कि बोर्ड बोर्ड **"इस संहिता के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए दिवाला व्यावसायिकों, दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों और सूचना उपयोगिताओं से फीस और अन्य प्रभारों का उदग्रहण करेगा, जिसके अंतर्गत रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस भी है" ।**

इसके अलावा, भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (सूचना उपयोगिता) लिनियम, 2017 के विनियम 4 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"(1) सूचना उपयोगिता के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए पात्र कोई व्यक्ति पांच लाख रुपए की अप्रतिदेय आवेदन फीस के साथ अनुसूची के प्ररूप क में बोर्ड को आवेदन कर सकता है ।

(2) रजिस्ट्रीकरण का नवीकरण करवाने की इच्छुक कोई सूचना प्रतियोगिता अपना रजिस्ट्रीकरण समाप्त होने से कम से कम छह मास पहले पांच लाख रुपए की अप्रतिदेय आवेदन फीस के साथ अनुसूची के प्ररूप क में बोर्ड को नवीकरण के लिए आवेदन करेगी ....."।

विनियमों के विनियम 6 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"(1) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र जारी किए जाने की तारीख से पांच वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा ।

(2) रजिस्ट्रीकरण प्रमाणपत्र इन शर्तों के अधीन होगा कि सूचना उपयोगिता -

(क).....

(ख).....

(ग).....

(घ) बोर्ड से रजिस्ट्रीकरण अथवा नवीकरण, जो भी लागू हो, की सूचना की प्राप्ति की तारीख से पन्द्रह दिनों के भीतर, बोर्ड को पचास लाख रुपए की फीस का भुगतान करेगी ;

"(ङ) बोर्ड को वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने की तारीख से पन्द्रह दिन के भीतर पचास लाख रुपए की वार्षिक फीस का संदाय करेगी:

परन्तु उस वित्तीय वर्ष में, जिसमें किसी इनफॉरमेशन यूटिलिटी को यथास्थिति, रजिस्ट्रीकरण या नवीकरण प्रदान किया जाता है, कोई वार्षिक फीस संदेय नहीं होगी:

परन्तु यह और कि ऐसी किसी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जो बोर्ड, जैसा कि वह उचित समझे, किसी इनफॉरमेशन यूटिलिटी द्वारा फीस के संदाय में किए गए किसी विलंब को तब तक बारह प्रतिशत वार्षिक दर पर साधारण ब्याज लगेगा, जब तक उसका संदाय नहीं कर दिया जाता है ।

..... "।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड सूचना उपयोगिताओं के रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया के पूरा होने तक रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम शीर्ष में लेखंकित की जाती है । रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में और आवेदन अस्वीकार किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । वार्षिक फीस, सूचना उपयोगिताओं से फीस के प्रोद्भवन की तारीख को मानी जाती है । चालू वर्ष - 50,19,016/- रुपए (ब्याज सहित) (पूर्व वर्ष - 50,00,000/- रुपए) ।

घ) रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक: केन्द्रीय सरकार ने, कंपनी अधिनियम, 2013 (2013 का 18) की धारा 458 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कारपोरेट कार्य मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 3401 (अ), तारीख 23 अक्तूबर, 2017 द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 247 के अधीन उसमें निहित शक्तियों और कृत्यों को भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड को प्रत्यायोजित किया है ।

इसके अलावा, कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के नियम 6 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"(1) नियम 3 के अधीन रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक के रूप में रजिस्ट्रीकरण हेतु कोई पात्र व्यक्ति प्राधिकरण के पक्ष में पांच हजार रुपए के गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क सहित उपाबंध-II के प्ररूप क में आवेदन कर सकता है ।

(2) नियम 3 के अधीन रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक के रूप में रजिस्ट्रीकरण हेतु कोई पात्र भागीदारी अस्तित्व या कंपनी प्राधिकरण के पक्ष में दस हजार रुपए के गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क सहित उपाबंध-II के प्ररूप ख में आवेदन कर सकती है ।

....."।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड रजिस्ट्रीकृत मूल्यांककों के रजिस्ट्रीकरण के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया के पूरा होने तक रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम शीर्ष में लेखंकित की जाती है । रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में और आवेदन अस्वीकार किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । चालू वर्ष - 48,85,000/- रुपए (पूर्व वर्ष- 94,15,000/- रुपए) ।

ङ) रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन: कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के नियम 13 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"(1) कोई पात्र संगठन, जो नियम 12 में विनिर्दिष्ट शर्तों को पूरा करता है, आस्ति वर्ग या आस्ति वर्गों के लिए एक रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन के रूप में मान्यता प्राप्त करने हेतु उपाबंध-II के प्ररूप-घ में प्राधिकरण के पक्ष में एक लाख रुपए का गैर-वापसी योग्य भुगतान आवेदन शुल्क देकर आवेदन कर सकता है ।

....."।

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठनों को मान्यता प्रदान करने के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया के पूरा होने तक रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम शीर्ष में लेखंकित की जाती है । रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में और आवेदन अस्वीकार किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । चालू वर्ष - 4,00,000/- रुपए (पूर्व वर्ष - 1,00,000/- रुपए) ।

च) दिवाला व्यावसायिक संस्था : भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के विनियम 12 के उप-विनियम (2) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"उप-विनियम (1) के अधीन पात्र कोई व्यक्ति बोर्ड की किसी दिवाला व्यावसायिक संस्था के रूप में मान्यता के लिए दूसरी अनुसूची के प्ररूप ग में पचास हज़ार रुपए की आवेदन फीस सहित आवेदन कर सकता है ।"

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड दिवाला व्यावसायिक संस्थाओं को मान्यता देने के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । रजिस्ट्रीकरण प्रक्रिया के पूरा होने तक रजिस्ट्रीकरण फीस अग्रिम शीर्ष में लेखंकित

की जाती है । रजिस्ट्रीकरण अनुदत्त करने पर इसे फीस/अभिदान शीर्ष के अधीन रजिस्ट्रीकरण फीस के रूप में और आवेदन अस्वीकार किए जाने पर प्रकीर्ण आय के रूप में दर्शाया जाता है । चालू वर्ष - 7,00,000/- रुपए (पूर्व वर्ष - 11,50,000/-) ।

विनियमों के विनियम 13 के उप-विनियम (2) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"यह मान्यता इस शर्त पर आधारित होगी कि दिवाला व्यावसायिक संस्था -

(क) हमेशा विनियम (12) के अधीन अपेक्षाओं को लगातार पूरा करेगी;

(ख) यदि कोई दिवाला व्यावसायिक इसका निदेशक या भागीदार नहीं रहता है, जैसा भी मामला हो, तो सात दिन के भीतर बोर्ड को दूसरी अनुसूची के प्ररूप च में दो हजार रुपए की फीस सहित सूचित करेगा;

(ग) *यदि कोई दिवाला व्यावसायिक इसका निदेशक या भागीदार, जैसा भी मामला हो, के रूप में नियुक्त किया जाता है तो सात दिन के भीतर बोर्ड को दूसरी अनुसूची के प्ररूप च में दो हजार रुपए की फीस सहित सूचित करेगा..... ।"*

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड अध्याय 5 के अधीन अनुपालन के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । इस फीस को, दिवाला व्यावसायिक संस्थाओं से प्ररूप च में प्राप्त सूचना के आधार पर माना जाता है । चालू वर्ष - 2,75,799/- रुपए (पूर्व वर्ष - 3,70,340/-) ।

छ) परीक्षा फीस: भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के विनियम 3 के उप-विनियम (2) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"यह बोर्ड दिवाला, शोधन अक्षमता और प्रासंगिक विषयों में व्यक्तियों के ज्ञान और ज्ञान के विनियोग की जांच करने के लिए स्वयं या किसी नामित एजेंसी के माध्यम से एक 'सीमित दिवाला परीक्षा' आयोजित करेगा ।"

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड सीमित दिवाला परीक्षा के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है। बोर्ड ने इस परीक्षा के संचालन के लिए एन.एस.ई.-आई.टी. लिमिटेड को परीक्षा प्रशासक के रूप में नियोजित किया है । परीक्षा के लिए प्राप्त फीस को, इस बात पर ध्यान दिए बिना कि अभ्यर्थी परीक्षा में कब बैठता है, प्राप्ति के आधार पर मान्यता दी जाती है चूंकि यह राशि अप्रतिदेय है । चालू वर्ष - 67,69,068/- रुपए (पूर्व वर्ष - 75,33,051/- रुपए) ।

कंपनी (रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक और मूल्यांकन) नियम, 2017 के नियम 5 के उप-नियम (1) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"प्राधिकरण ऐसे व्यष्टियों के लिए, जो नियम 4 में यथा-विनिर्दिष्ट अर्हता या अनुभव रखते हैं और किसी रजिस्ट्रीकृत मूल्यांकक संगठन के सदस्य के रूप में अपना शैक्षिक पाठ्यक्रम पूरा कर चुके हैं, एक या अधिक आस्ति वर्गों के लिए उनके मूल्यांकन संबंधी वृतिक ज्ञान, कौशल, मूल्य और नैतिक जांच के लिए या तो स्वयं या किसी नामित एजेंसी के माध्यम से मूल्यांकन परीक्षा आयोजित करेगा ।"

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड मूल्यांकन परीक्षा के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । बोर्ड ने इस परीक्षा के संचालन के लिए एन.आई.एस.एम. को परीक्षा प्रशासक के रूप में नियोजित किया है । परीक्षा के लिए प्राप्त फीस को, इस बात पर ध्यान दिए बिना कि अभ्यर्थी परीक्षा में कब बैठता है, प्राप्ति के आधार पर मान्यता दी जाती है चूंकि यह राशि अप्रतिदेय है । चालू वर्ष - 1,51,94,136/- रुपए । (पूर्व वर्ष - 1,39,78,288/-)

ज) आई.पी./आई.पी.ई. से व्यावसायिक फीस: भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता (दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के विनियम 7 के उप-विनियम (2) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:-

"यह रजिस्ट्रीकरण इन शर्तों के अधीन होगा कि दिवाला व्यावसायिक -

(क).....

(ख).....

(ग).....

(गक) बोर्ड को पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में, उसके द्वारा दिवाला व्यावसायिक के रूप में प्रदान की गई सेवाओं के लिए अर्जित व्यावसायिक फीस के 0.25 प्रतिशत की दर पर संगणित फीस का संदाय, दूसरी अनुसूची के प्ररूप ङ में की विवरणी सहित प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को या उससे पूर्व करेगा:

परन्तु वित्तीय वर्ष 2019-2020 के लिए, कोई दिवाला व्यावसायिक इस खंड के अधीन फीस का संदाय 30 जून, 2020 को या उससे पूर्व करेगा;

....."।

विनियमों के विनियम 13 के उप-विनियम (2) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"यह मान्यता इस शर्त पर आधारित होगी कि दिवाला व्यावसायिक संस्था -

(क).....

(ख).....

(ग).....

(गक) बोर्ड को पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष में, उसके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं से हुए आवर्त के 0.25 प्रतिशत की दर पर संगणित फीस का संदाय, दूसरी अनुसूची के प्ररूप छ में विवरणी सहित प्रत्येक वर्ष 30 अप्रैल को या उससे पूर्व करेगा:

परन्तु वित्तीय वर्ष 2019-2020 के लिए, कोई दिवाला व्यावसायिक इस खंड के अधीन फीस का संदाय 30 जून, 2020 को या उससे पूर्व करेगा;

....."।

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता (दिवाला व्यावसायिक) विनियम, 2016 के विनियम 15 में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"ऐसी किसी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, जो बोर्ड जैसा कि वह संहिता या उसके अधीन बनाए गए किन्हीं विनियमों के अधीन उचित समझे, किसी दिवाला व्यावसायिक या किसी दिवाला व्यावसायिक संस्था द्वारा फीस के संदाय में विलंब करने पर, इन विनियमों के अधीन फीस का संदाय करने की अंतिम तारीख के पश्चात् असंदत्त फीस की राशि पर 12 प्रतिशत वार्षिक दर पर साधारण ब्याज बोर्ड को संदत्त किया जाएगा"

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड अध्याय 3 और अध्याय 5 के अधीन आवर्त पर आधारित फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । इस फीस को दिवाला व्यावसायिकों और दिवाला व्यावसायिक संस्थाओं से क्रमशः प्ररूप ङ और प्ररूप छ में प्राप्त सूचना के आधार पर मान्यता दी जाती है । चालू वर्ष - 1,13,69,948 रुपए । (पूर्व वर्ष - 87,55,896/- रुपए) ।

झ) सी.आई.आर.पी. प्ररूप फाइल करने से फीस: भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (कारपोरेट व्यक्तियों के लिए दिवाला समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 में दिवाला व्यावसायिकों द्वारा कारपोरेट दिवाला प्रक्रिया से संबंधित प्ररूप फाइल करने के लिए उपबंध किया गया है । इसके आगे, विनियम 40ख के उप-विनियम (4) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"इस विनियम के अधीन या तो सुधार, अद्यतन करने या अन्यथा, प्रस्तुत किए जाने की तारीख के पश्चात् प्ररूप फाइल करने पर उसके साथ 1 अक्तूबर, 2020 के पश्चात् विलंब के प्रत्येक कलैंडर मास के लिए प्रति प्ररूप पांच सौ रुपए की फीस संलग्न की जाएगी"

उपर्युक्त को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड विनियम 40ख के अधीन अनुपालन के लिए फीस का संग्रहण करने के लिए प्राधिकृत है । चालू वित्तीय वर्ष के दौरान संगृहीत फीस 25,73,500/- रुपए है । (पूर्व वर्ष - शून्य)।

17.2 सेमीनार/कार्यक्रम फीस: संहिता की धारा 196(1)(कक) में यह उपबंध किया गया है कि बोर्ड **"इस संहिता के प्रयोजनों को अग्रसर करने में दिवाला व्यावसायिकों, दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों और सूचना उपयोगिताओं तथा अन्य संस्थाओं के कार्यकरण और व्यवहारों के विकास का संवर्धन करेगा तथा उनका विनियमन करेगा ।"**

इसके अलावा, धारा 196(1)(ग) बोर्ड को इस संहिता के प्रयोजनों को कार्यान्वित करने के लिए फीस या अन्य प्रभार उद्गृहीत करने के लिए सशक्त करती है, जिसके अंतर्गत दिवाला व्यावसायिक एजेंसियों, दिवाला व्यावसायिकों और सूचना उपयोगिताओं के रजिस्ट्रीकरण और उसके नवीकरण के लिए फीस भी है ।

बोर्ड, राष्ट्रव्यापी कोविड-19 महामारी के कारण, दिवाला व्यावसायिकों को प्रशिक्षण देने के लिए ऑनलाइन कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है । अतः, चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किसी सेमीनार/कार्यशाला फीस को मान्यता नहीं दी गई है । (पूर्व वर्ष - 11,16,000/- रुपए) ।

17.3 शिकायत और परिवाद फीस: भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड (शिकायत और परिवाद निवारण प्रक्रिया) विनियम, 2017 के विनियम 3 के उप-विनियम (3) में निम्न प्रकार उपबंध किया गया है:

"ऐसा पणधारी, जो कोई परिवाद फाइल करना चाहता है, उसे बोर्ड के समक्ष प्ररूप क में फाइल करेगा और उसके साथ भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड के पक्ष में आहरित और नई दिल्ली में देय दो हजार पांच सौ रुपए का मांगदेय ड्राफ्ट या बोर्ड के खाते में फीस मद्धे संदत्त दो हजार पांच सौ रुपए की आनलाइन अभिस्वीकृति लगाई जाएगी ।"

इसके अतिरिक्त, विनियमों के विनियम 7 के उप-विनियम (8) में यह उपबंध है कि *"जहां बोर्ड की यह राय है कि परिवाद तुच्छ नहीं है वहां वह विनियम 3 के उप-विनियम (3) के अधीन प्राप्त दो हजार पांच सौ रुपए की फीस का प्रतिदाय करेगा"* । प्राप्त की गई फीस "आस्थगित उधार दायित्व" शीर्ष के अधीन दर्शाई जाती है और यदि बोर्ड द्वारा शिकायत/परिवाद को तुच्छ पाया जाता है तो इसे आय माना जाता है । चालू वित्तीय वर्ष के दौरान स्वीकार की गई आय 52,966/- रुपए है । (पूर्व वर्ष - 78,390/- रुपए) ।

18. अर्जित ब्याज: चालू वर्ष के दौरान अर्जित ब्याज के अंतर्गत ये हैं - (i) पंजाब नेशनल बैंक में स्वीप सुविधा वाले चालू खाते में अर्जित ब्याज - 5,21,159/- रुपए; और (ii) नियत निक्षेपों पर प्रोद्भूत ब्याज - 48,17,164/- रुपए । (पूर्व वर्ष - 53,08,672/- रुपए) ।

19. पूर्व अवधि के ऐसे व्यय, जिन्हें चालू वर्ष में स्वीकार किया गया है; (i) अमेज़न इंटरनेट सर्विसिज़ प्राइवेट लिमिटेड को फरवरी, 2020 से मार्च, 2020 की अवधि के लिए विक्रेता द्वारा प्रदान की गई वैब सेवाओं के लिए 9,551/- रुपए की राशि का भुगतान किया गया है; (ii) रेलटैल कारपोरेशन को 20.09.2019 से 19.09.2020 तक की अवधि के लिए इंटरनेट पोर्ट प्रभारों के लिए विक्रेता से कर बीजक प्राप्त होने पर 3,15,478/- रुपए की राशि का भुगतान किया गया है; (iii) भारत के नियंत्रक महालेखापरीक्षक को बोर्ड के आरंभ से मार्च, 2019 तक की

अवधि के लिए कानूनी और संव्यवहार लेखापरीक्षा फीस के लिए 8,40,930/- रुपए की राशि का भुगतान किया गया है । इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए कानूनी और संव्यवहार लेखापरीक्षा फीस के लिए प्रावधान के रूप में 3,12,130/- रुपए की राशि रखी गई है; (iv) पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष से संबंधित विधिक व्ययों के लिए 24,37,500/- रुपए की राशि का भुगतान चालू वित्तीय वर्ष के दौरान किया गया है; (v) साफ्टलैब्स इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड और अलंकार डिस्ट्रीब्यूटर्स को वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान प्रिंटर कार्टेजेज़ के क्रय मद्धे क्रमशः 21,434/- रुपए और 44,160/- रुपए की राशि का भुगतान किया गया है; (vi) साफ्टलैब्स इंफोटेक प्राइवेट लिमिटेड को वित्तीय वर्ष 2018-19 के दौरान एम.एस.ऑफिस के क्रय मद्धे 32,797/- रुपए की राशि का भुगतान किया गया है; (vil) बॉमर लॉरी एंड कंपनी को पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष से संबंधित यात्रा बिलों और होटल वास सुविधा मद्धे 87,489/- रुपए की राशि का भुगतान किया गया है; (viii) डिग्री 360 सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड को जनवरी से मार्च, 2020 की अवधि के लिए त्रैमासिक न्यूज़लैटर के मुद्रण मद्धे 73,920/- रुपए की राशि का भुगतान किया गया है; और (ix) वैभवी इंफोटेक को पूर्ववर्ती वित्तीय वर्षों के दौरान मुद्रण और लेखन-सामग्री मदों के क्रय मद्धे 5,05,153/- रुपए की राशि का भुगतान किया गया है ।

20. वित्तीय विवरणियों को भारतीय जी.ए.ए.पी. के अनुरूप तैयार करने के लिए बोर्ड से ऐसे प्राक्कलन और ऐसी उपधारणाएं करना अपेक्षित है जो वित्तीय विवरणियों में आस्तियों, दायित्वों, आय और व्यय की प्रतिवेदित राशि को प्रभावित करते हैं । यद्यपि यह विश्वास है कि वित्तीय विवरणियों को तैयार करने में प्रयोग में लाए गए प्राक्कलन विवेकपूर्ण और युक्तिसंगत हैं तथापि वास्तविक परिणाम प्राक्कलनों से भिन्न हो सकते हैं । वास्तविक परिणामों और प्राक्कलनों के बीच जो अंतर है उसे उस अवधि में, जिसमें परिणाम ज्ञात होते हैं/फलीभूत होते हैं, सुसंगत लेखा शीर्षों में आय/व्यय के रूप में माना जाना है ।

21. पूर्व वर्ष के तत्स्थानी आंकड़ों को, जहां कहीं आवश्यक है, पुनः समूहीकृत/पुनः व्यवस्थित किया गया है ।

22. अनुसूची । से अनुसूची XXIII उपाबद्ध की जाती हैं और वे 31 मार्च, 2021 को यथा-विद्यमान तुलनपत्र और उस तारीख को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए आय एवं व्यय लेखा का अभिन्न भाग गठित करती है ।

भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड की ओर से

हस्ता/-	**हस्ता/-**	**हस्ता/-**
(डॉ मुकुलिता विजयवर्गीय)	**(डॉ शशांक सक्सेना)**	**(डॉ एम. एस. साहू)**
पूर्णकालिक सदस्य (वित्त एवं लेखा)	**अध्यक्ष, लेखापरीक्षा समिति**	**अध्यक्ष**

स्थान : नई दिल्ली
तारीख: 24.09.2021

लेखापरीक्षा प्रेक्षणों का अनुपालन

क. मुख्य रिपोर्ट		
पैरा	**लेखापरीक्षा प्रेक्षण**	**लेखापरीक्षा प्रेक्षणों का उत्तर**
क.1.1	**सी.डब्ल्यू.आई.पी./विकासाधीन आस्तियां: 1.23 करोड़ रुपए** आई.बी.बी.आई. ने ई-ऑफिस, जिसके अंतर्गत फाइल प्रबंधन प्रणाली, ई-फाइल एम.आई.एस. रिपोर्ट, जानकारी प्रबंधन प्रणाली, कर्मचारी मास्टर ब्यौरा, मास्टर डाटा प्रबंधन, दौरा प्रबंधन प्रणाली, छुट्टी प्रबंधन प्रणाली और छुट्टी एम.आई.एस. रिपोर्टें भी हैं, के क्रियान्वयन का कार्य एन.आई.सी.एस.आई. को आई.बी.बी.आई. मयूर भवन में किसी अनुकूलन के बिना सौंपा था और तारीख 28 सितम्बर, 2017 को 20.20 लाख रुपए का भुगतान किया था । छुट्टी प्रबंधन प्रणाली और छुट्टी एम.आई.एस. रिपोर्टों के सिवाय, सभी माड्यूल 12 नवम्बर, 2018 से प्रवर्तनशील हैं । चूंकि ई-ऑफिस के छुट्टी माड्यूल में शामिल छुट्टी नियम, आई.बी.बी.आई. के छुट्टी नियमों से संगत नहीं हैं इसलिए उनका प्रस्तुत रूप में उपयोग नहीं किया जा सकता था और इसलिए आई.बी.बी.आई. के बोर्ड ने (2021-22 में) छुट्टी मॉड्युल को कार्यालय में तैयार कराने का विनिश्चय किया । इस प्रकार, ई-ऑफिस के सृजन के लिए 20.20 लाख रुपए के भुगतान को चालू पूंजीगत कार्य के अधीन दर्शाने की बजाय, वर्ष 2018-19 में पूंजीकृत किया जाना चाहिए था। इसके अतिरिक्त, नवम्बर, 2018 से मार्च, 2021 की अवधि के लिए अवमूल्यन का भी, जो 20.20 लाख रुपए बनता है (2018-19: 4.04 लाख रुपए, 2019-20: 8.08 लाख रुपए और 2020-21: 8.08 लाख रुपए) प्रावधान नहीं किया गया है। इसके परिणामस्वरूप सी.डब्ल्यू.आई.पी. को 20.20 लाख रूपए अधिक, पूर्व वर्षों के अवमूल्यन को 12.12 लाख रुपए कम और चालू वर्ष के अवमूल्यन को 8.08 लाख रुपए कम दर्शाया गया है । परिणामस्वरूप, वर्ष के अधिशेष को 8.08 लाख रुपए अधिक और समग्र निधि को 12.12 लाख रुपए अधिक दर्शाया गया है ।	ई-ऑफिस माड्यूल को सी.एंड.ए.जी. के प्रेक्षणों के निबंधनानुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में पूंजीकृत किया जाएगा। लेखा-टिप्पणों में समुचित प्रकटन किए जाएंगे ।
ख.1	**अनिश्चित दायित्व और लेखायों पर टिप्पणियाँ (अनुसूची XXIII)** **नोट सं.** 9.7 आई.बी.बी.आई. ने इस तथ्य का उल्लेख नहीं किया है	वित्तीय वर्ष 2021-22 में लेखा-टिप्पणों में समुचित प्रकटन किए जाएंगे ।

	कि भारत के लोक लेखा के अधीन कारपोरेट समापन खाता खोलने के पश्चात्, किसी समापन प्रक्रिया में अदावाकृत लाभांश और अवितरित आगमों के निक्षेप के लिए खोले गए पृथक् खाते में पड़े अतिशेष को कारपोरेट समापन खाते में अंतरित किया जाएगा। इस प्रकार, नोट में उपर्युक्त सीमा तक कमी है ।	



भारतीय दिवाला और शोधन अक्षमता बोर्ड
Insolvency and Bankruptcy Board of India

सातवां तल, मयूर भवन,
शंकर मार्केट, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली 110001

www.ibbi.gov.in